## महत्वपूर्ण एवं खास

### तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर हुआ चोटिल

**रायपुर (आरएनएस)।** तेज रफ्तार वाहन पर अब तक यातायात अमले ने नियंत्रण नहीं पाया है जिसके चलते आये दिन सैंकड़ों की संख्या में सड़क दुर्घटना में लोग घायल होते रहते हैं। कबीर नगर थाने से मिली जानकारी के अनुसार चेतन वर्मा आयु 23 वर्मा पिता चुम्मन लाल वर्मा निवासी प्रगति चौक खमतराई द्वारा रिंग रोड दो से गुजरते वक्त तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक क्रमांक सीजी 04-एमएच 2441 को टक्कर मारकर उन्हें चोटिल कर दिया। उक्त मामले में कबीर नगर थाने ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ आईपीसी की धारा 279, 337 के तहत मामला कायम किया है।

### जुआ खेलते जुआरी गिरफ्तार, 11 हजार 940 की राशि जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** शहर में आये दिन गलियों में ताश पत्ती खेलकर जुआ खेलने की वारदात आदतन जुआरियों द्वारा की जाती है। सिविल लाइन थाने से मिली जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र महिलांगे आयु 32 वर्ष पिता बलीराम निवासी ताज नगर चौकी पंडरी के द्वारा अपने साथियों के साथ ताश खेलते मौके पर पकड़ने पर टीम ने 11 हजार 940 रुपये की राशि एवं ताश की 52 पत्ती जब्त की। उक्त मामले में पुलिस ने जुआ एक्ट 13 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### फर्जी जाति के सहारे नौकरी कर रहा ईई बर्खास्त

**बिलासपुर (आरएनएस)।** फर्जी जति मामले में छानबीन समिति के खुलासे के बाद जल संसाधन विभाग में पदस्थ एक ईई को बर्खास्त कर दिया गया है। ईई मधुकर बिठ्ठल राव कुंभारे कोरबा में जल प्रबंध संभाग रामपुर में पदस्थ था। जानकारी के मुताबिक ईई मधुकर बिठ्ठल राव के खिलाफ फर्जी जाति पेश करने की शिकायत शासन को मिली थी। जिसके बाद इस मामले की जांच छानबीन समिति ने की। जांच में पता चला, कि ईई मधुकर बिठ्ठल राव कुंभारे फर्जी जाति के सहारे नौकरी कर रहा था। फिलहाल शासन ने उसे पद से हटाकर बड़ी कार्रवाई की है।

### मोटरसाइकिल से गिरा वृद्ध, इलाज के दौरान मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** मोटरसाइकिल से जाते समय बुजुर्ग अनियंत्रित होकर नहर में गिर गया जिसके चलते गंभीर रूप से घायल हो जाने पर उसे अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट नेवरा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार नेवरा निवासी श्याम लाल वर्मा 77 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल से जाते समय ग्राम जोता नहर के पास अनियंत्रित होकर नहर पुलिया में गिर गया जिसके चलते उसे गंभीर अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो जाने पर पुलिस ने मृतक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मर्ग कायम कर लिया है।

### भाजपा के कार्यकर्ता किसानों की समस्याओं को लेकर करेंगे प्रदर्शन आज

**जांजगीर (आरएनएस)।** भाजपा जिला महामंत्री अमर सुल्तानिया ने बताया कि 22 फरवरी 2020 को दोपहर 2:00 बजे से कचहरी चौक जांजगीर में किसानों की समस्याओं और धान खरीदी के संबंध में राज्य सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्षन किया जायेगा जिसमें सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, भाजपा के प्रदेष पदाधिकारीगण, जिलाध्यक्ष, पुर्व जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारी गण, मंडल अध्यक्ष, पुर्व मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष एवं प्रकोश्ठ के संयोजक एवं पदाधिकारीयों सभी को कार्यकर्ताओं के साथ धरना प्रदर्षन में समय पर पहुचने के लिए आग्रह किया हैं।

### यूएसए दौरे से डा. चरणदास महंत आज दोपहर लौटेंगे राजधानी

**रायपुर(आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत आज दोपहर अपने अमेरिका प्रवास के बाद राजधानी रायपुर लौट आएंगे। वहीं शाम को वे राजिम रवाना हो जाएंगे और माघी पुन्नी मेले के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। सूत्रों ने बताया कि डा. महंत आज दोपहर 3.40 बजे रायपुर लौट आएंगे। डा. महंत 11 फरवरी को यूएसए के लिए रवाना हुए थे।

# सोलर युक्त फ्लोराईड रिमूवल प्लांट लगने से मिलने लगा है शुद्ध पेयजल

**» जोड़ों के दर्द ,बच्चों के दांत का पीलापन एवं पेट की बीमारी से मिला निजात**

**रायपुर।** सूरजपुर जिले के विकासखण्ड रामानुजनगर के ग्राम हनुमानगढ की बसाहट बनखेतापारा एवं विकासखण्ड ओड़गी के ग्राम देवडी की बसाहट केवटपारा एवं हरिजनपारा के नलकूप स्त्रोंत के जल में फ्लोराईड की मात्रा निर्धारित मापदण्ड 1.00 पी.पी.एम. से अधिक होने के कारण इन बसाहटों में शुद्ध पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई थी।



फ्लोराईड प्रभावित जल स्त्रोंतो की शुद्धिकरण हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा हैण्डपंप अटैचमेन्टयुक्त फ्लोराईड रिमूवल प्लांट स्थापित किया गया था। हैण्डपंप अटैचमेन्टयुक्त फ्लोराईड रिमूवल प्लांट का सामायिक रखरखाव नहीं होने के कारण ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता में निरंतरता नहीं हो पा रही थी, जिसके कारण ग्रामवासियों द्वारा अषुद्ध पेयजल सेवन करने की संभावना बनी रहती थी। जिला कलेक्टर को उक्त बसाहटों में फ्लोराईड की अधिकता एवं दुष्प्रभाव के संबंध में अवगत कराया गया तत्पश्चात कलेक्टर श्री सोनी द्वारा हनुमानगढ के बनखेतापारा में 02, विकासखण्ड ओड़गी के ग्राम देवडी के केवटपारा एवं हरिजनपारा में क्रमषः 01-01 नग सोलर आधारित फ्लोराईड रिमूवल प्लांट जिसकी प्रति यूनिट लागत रू. 10.55 लाख के मान से कुल राषि रू. 42.20 लाख की जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद से त्वरित स्वीकृति प्रदान की गई एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माध्यम से तत्काल संयंत्र स्थापित कर ग्रामवासियों को फ्लोराईड रहित शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये जाने का कार्य किया गया।

फ्लोराईड प्रभावित इन बसाहटों की उपयोगिता का निरीक्षण कलेक्टर के मार्गदर्शन में 13 फरवरी 2020 को भारत सरकार, केन्द्रीय जल संवर्धन (सीडब्ल्यूसी) के उपनिदेशक श्री देवीशंकर गोयल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा विकासखण्ड रामानुजनगर के ग्राम हनुमानगढ की बसाहट बनखेतापारा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल द्वारा बसाहट में स्थापित सोलर आधारित फ्लोराईड रिमूवल प्लांट संयंत्र स्थापना के पूर्व दूषित जल के सेवन से होने वाले नुकसान एवं स्थापना उपरांत स्वास्थ्य सुधार के संबंध में चर्चा की गई। ग्रामवासियों में जिला प्रशासन के पहल से प्रसन्नता व्यक्त की गई तथा बताया गया कि संयंत्र के स्थापना उपरांत हड्डी के जोड़ो में होने वाले दर्द, बच्चों के दांत का पीलापन एवं पेट की बीमारी लगभग पूरी तरह से समाप्त हो गई है।

**» बिल्डिंग के बगल में चल रहा था खुदाई कार्य**

## खमतराई क्षेत्र में बहुमंजिला इमारत गिरी, कोई हताहत नहीं

**रायपुर (आरएनएस)। वर्षों से बनी शहर में अनेक क्षेत्रों में बहुमंजिला इमारत लगभग जर्जर हो चुकी हैं।**



अनेकों बार नगर निगम द्वारा जर्जर भवन के मालिकों को नोटिस जारी कर भवन खाली करने के लिए लिखित में सूचना दी गई है, बावजूद इसके पुराने जर्जर भवन खाली नहीं करने के कारण आज खमतराई क्षेत्र के बिरगांव इलाके में मीनू पेट्रोल पंप के पास एक बहुमंजिला इमारत अचानक गिर पड़ी।

आसपास खाली क्षेत्र होने के कारण उक्त हादसे में जनहानि नहीं हुई। आसपास के घने क्षेत्रों में अगर कहीं उक्त दुर्घटना होती तो बड़ी संख्या में लोग गंभीर रूप से घायल हो सकते थे। मिली जानकारी के अनुसार उक्त भवन के बाजू में निर्माणाधीन भवन के लिए खुदाई कार्य चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लगातार खुदाई करने का असर उक्त बहुमंजिला इमारत में पड़ा जिसके चलते अचानक बहुमंजिला भवन भरभराकर गिर पड़ा। नगरनिगम द्वारा उक्त घटना के संदर्भ में शहर में अनेक जर्जर भवनों को कब गिराया जाएगा इसका लोगों को इंतजार है।

## युवा पत्रकार का बाइक घर के सामने से चोरी, आरोपी सीसीटीवी में कैद

**भिलाई (आरएनएस)।** भिलाई के एक युवा पत्रकार की बाइक उसके घर के सामने से 20 फरवरी की देर रात चोरी हो गई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार रामनगर इंदिरा चौक निवासी युवा पत्रकार व उज्जवल प्रभात पेपर के संपादक भूपेंद्र सिंह उर्फ गोलु रोजाना की तरह 20 फरवरी को भी अपनी पल्सर बाइक सीजी-07 एएफ-7183 अपने घर के सामने पार्क किया। शुक्रवार 21 फरवरी को जब वो सुबह बाहर निकला तो अपनी बाइक नही दिखने पर घर मे लगे सीसीटीवी को देखा तब पता चला कि देर रात 3:15 बजे करीब दो चोर मुंह पर कपड़ा बांधकर आये थे और बाइक चोरी करके ले गए। भूपेंद्र सिंह ने इस चोरी का फुटेज लेकर वैशाली नगर थाना में शिकायत की है।

## माता मावली-मड़ई-मेला रायपुर के लोक संध्या की जोरदार प्रस्तुति

**नारायणपुर।** राजधानी रायपुर की लोक संध्या (आर्केस्ट्रा) ने माता मावली मेले के दूसरे दिन गुरूवार को जोरदार कार्यक्रम पेश कर संगीत प्रेमियों को झूमने पर मजबूर कर दिया।



कार्यक्रम की शुरूआत श्री गणेश भगवान की वंदना और नृत्य के साथ शुरू हुई। वही राज्य गीत अरपा पैरी... पर भी शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की एकरिंग श्री निरंजन साहू द्वारा की गई। संगीत के विभिन्न वाद्य यंत्रों आक्टोपेड पर श्री घनश्याम साहू ने स्टीक से कमाल दिखाया। वही बालेश साहू ने उपार्गन पर अपनी उंगलियां चलाकर मधुर संगीत की छाप छोड़ी। ग्रुप के मनोज और कौशल भी पीछे नहीं रहे, मनोज ने जहां ढोलक पर हाथों की थाप से मस्त धुन निकाली तो कौशल ने तबला बजाकर लोगों का मन डोलने पर मजबूर किया। ग्रुप के डायरेक्टर श्री घनश्याम के साथ डीमान सेन, खिलेश्वर साहू और महिला सिंगर सोनिया साहू ने कार्यक्रम में युगल और एकल फिल्मी गीत और छत्तीसगढ़ी गीत गाकर और बीच-बीच में डांस कर लोगों की वाह-वाही लूटी। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री दिनेश कुमार नाग, सहायक विकास आयुक्त श्री एस.के. मसराम, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री पंडीराम वड्डे, संगठन पदाधिकारी श्री रजनूराम नेताम सहित जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिकों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## गैस सिलेंडर के बढते दामों पर महिला कांग्रेस का 23 को प्रदेश स्तरीय पर विशाल धरना प्रर्दशन

**» भाजपा की कथनी और करनी में अंतर -फूलोदेवी नेताम**

**रायपुर (आरएनएस)।** केन्द्र सरकार के गलत नीति के कारण गैस सिलेंडर के दामों मे बेहताशा वृद्धि को लेकर केन्द्र सरकर के विरोध में महिला कांग्रेस ने 14 फरवरी को प्रदेश स्तर पर एवं 16 फरवरी को ब्लाक स्तर में धरना प्रदर्शन कि गया था। महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मती फूलों देवी नेताम के नेतृत्व में प्रदेश स्तर पर महिला कांग्रेस द्वारा 23 फरवरी को विशाल धरना प्रर्दशन गांधी मैदान रायपुर में किया जा रहा है। भाजपा के कथनी और करनी में जमीन और आसमान का फर्क है। जब 50 पैसा भी डॉ. मनमोहन सिंह के सरकार के समय में महंगाई बढता था , तब उस समय स्मृति इरानी एवं अन्य भाजपा के नेता चुल्हा, लकड़ी लेकर के रोड में प्रदर्शन किया करते थे। स्मृति इरानी भी महिला है आज केन्द्र सरकार में मंत्री है। आज उनके मुख से बढ़ती महंगाई से एक शब्द भी नहीं निकल रहा है। मोदी सत्ता कुर्सी पाने के लालच मे



आपने कहा था बहुत ही महंगाई के मार अब भाजपा के सरकार । जनता जान चूकी है कि आप ने क्यो झूठे वादों और झुठे नारों के सहारे जनता जनार्दन को छल्ला है। महिलायें कितनी परेशान है? बढती महंगाई के कारण बजट बिगड गया है। गरिबों के मुंह से निवाला छिन्न रहे हो। मंहगाई को लेकर के महिला कांग्रेस की मांग है कि गैस सिलेंडर के दाम कम करें। नहिं तो ये आन्दोंलन उग्र होता जायेगा।

## लकी ड्रा के नाम पर 92 हजार की ठगी, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** शहर के उरला थाना क्षेत्र में कारोबारी पिता–पुत्र को ऑनलाइन खरीदी करना भारी पड़ गया। बता दे कि पीड़ित पिता-पुत्र को अज्ञात शातिर ठगों ने लकी ड्रॉ के माध्यम से महंगी कार जीतने का झांसा देकर 92 हजार रुपए अपने खाते में जमा कराकर ठगी किया है।

ठगी के शिकार पिता–पुत्र रामकृष्ण तिवारी और आनंद तिवारी उरला थाने में त्रिपाठी किराना स्टोर के स्वामी हैं। विगत कुछ दिन पहले बेटे आनंद ने ऑनलाइन बर्तन मंगाया था। जिसके बाद शातिर ठगों ने लकी ड्रा में महंगी कार इनाम में जीतन का झांसा देकर रोड टैक्स, इंश्योरेंस और टीडीएस के नाम पर भिन्न–भिन्न खातों में करीब 92 हजार रूपए जमा करवाए। इतना ही नहीं ठग ने 49 हजार रूपयों की दोबारा मांग की। जिसके बाद पीड़ित पिता-पुत्र को मामले की समझ हुई और उन्होंने आरोपी के खिलाफ 92 हजार रूपए की ठगी का मामला उरला थाने में दर्ज कराया।

## राष्ट्रीय कृषि मेला में बस्तर के मोती पालन का प्रदर्शन किया जाएगा





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दूरस्थ आदिवासी अंचल बस्तर के ग्राम पंचायत भाटपाल के बड़ेपारा जिला जगदलपुर में श्रीमती मोनिका श्रीधर के मार्गदर्शन में जय माँ संतोषी महिला समूह के द्वारा आबंटन में प्राप्त तालाब में विगत 2 वर्षों से मोती का पालन एवं उत्पादन किया जा रहा है। तुलसी बाराडेरा में दिनाक 23 फरवरी से 25 फरवरी तक आयोजित राष्ट्रीय कृषि मेला में उक्त समूह द्वारा मोती पालन एवं उत्पादन का जीवंत प्रदर्शन किया जावेगा।

## राज्यपाल से केंद्रीय मंत्री प्रधान ने मुलाकात की



**रायपुर।** राज्यपाल अनुसूईया उइके से आज राजभवन में श्री धर्मेंद्र प्रधान केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार पेट्रोलियम, एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सौजन्य मुलाकात की। राज्यपाल ने श्री प्रधान को स्मृति चिन्ह भी भेंट की।

## तेज रफ्तार कार शिवनाथ नदी में गिरी, दो लापता

**रायपुर (आरएनएस)।** तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर शिवनाथ नदी में जा गिरी। हालांकि हादसे में चालक के साथ बैठे व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। वहीं दो लोग लापता बताए जा रहे है। फिलहाल स्थानीय थाना पुलिस एवं गोताखोर की टीम दोनों की तलाश में जुटी हुई है।

हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची बसंतपुर थाना पुलिस ने कार सवार दो लोगों को एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल में इलाज के भर्ती कराया है। बता दे कि कार में चार लोग सवार थे जिनमें से दो लोगों को गोताखोरो ने ससुरक्षित निकाल लिया है। वहीं दो लापता बताए जा रहे है जिनकी खोज में लगातार गोताखोरो की टीम लगी हुई है। हादसा इतना भयंकर था कि लोगो का हुजुम देखने के लिए जुट गया। किसी तरह पुलिस ने भीड़ को काबू कर स्थिति को संभाला। कार को नदी से बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## महाशिवरात्रि पर्व : शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के ऐतिहासिक व प्राचीन शिवालयों में आज शिवरात्रि पर्व के चलते सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया है। शहर के बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर, हटकेश्वर महादेव मंदिर और बंजारेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचना शुरू हो गए थे।

महाशिवरात्रि के चलते आज शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। शिव मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना के साथ भगवान आशुतोष के अभिषेक का भी कार्यक्रम चल रहा है। शहर के बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में आज भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया है। यहां भोलेनाथ का दर्शन-पूजन करने के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक भी किया जा रहा है। भोलेनाथ के दर्शन-पूजन के पश्चात श्रद्धालु भैरवनाथ की भी पूजा कर रहे हैं। शहर के खारून नदी के किनारे भी आज मेले जैसा माहौल देखने को मिला। प्राचीन महादेव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचने लगे थे।



यहां भगवान भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार किया गया है, इसके अलावा यहां भी श्रद्धालुओं द्वारा भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जा रहा है। शिवरात्रि पर्व का उत्साह मठपारा स्थित श्रीहर नीलकंठेश्वर धाम में भी देखने को मिल रहा है। यहां भी सुबह से श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। शिवरात्रि पर्व के चलते पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। भव्य साज-सज्जा के बीच भोलेनाथ को प्रसन्न करने तथा पूजा-अर्चना करने श्रद्धालु सुबह से आने लगे थे। दोपहर पश्चात यहां से शिव जी की भव्य बारात निकाली जाएगी। इसमें शिवगणों के विभिन्न रूप श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेगा। गत वर्ष यहां से निकली भव्य बारात में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भोलेनाथ की बारात में शामिल होने श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU